तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 13.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 29 मार्च 2025

16 शहरी विकास के लिए सरकार ने खोला खजाना...



16 मिर्जापुर काठ में हुआ डीसी का रात्रि ठहराव...






## खबर संक्षेप



### श्री घंटाकर्ण भक्तों पर प्रेम बरसाने वाले देवता

**करनाल।** महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर भक्ति संगम का आयोजन श्री घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान इंद्री रोड़ पर भक्ति भावनापूर्वक किया गया। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से लोकमंगल तथा सभी के कल्याण की कामना की गई। मुनि संयमेश, साध्वी सुयशा, साध्वी श्वेता, साध्वी जागृति, कर्मवीर, जयपाल सिंह, जैन लेडिस क्लब दिल्ली की सदस्याओं ने सुमधुर भक्तिगीतों से समा बांधा।

### बजट की गतिविधियों की रिपोर्ट 4 तक प्रस्तुत करें



**करनाल।** एनकोर्ड की जिला स्तरीय बैठक आज यहां अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें कार्यवाहक जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये गये कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अगले वित्त वर्ष में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों और उन पर होने वाले अनुमानित खर्च की रिपोर्ट चार अप्रैल तक प्रस्तुत करें।
अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सरकार से दस लाख रुपये तक का फंड प्राप्त होता है। अनुमानित बजट के लिये समय पर रिपोर्ट भेजना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उन गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### आधुनिक अंदाज को पेश करता है पुत्त जट्ट दा

**करनाल।** सिमरन कौर धादली का नया गाना पुत्त जट्ट दा पूरी दुनिया में हलचल मचा रहा है। ओल्ड स्कूल की शिष्टता के साथ आधुनिक समय के मनमाने अंदाज को पेश करते हुए यह तीव्र और जबरदस्त गाना शक्ति, अडिग प्रेम और स्वैग की कहानी कहता है। देसी ट्रैप म्यूजिक द्वारा निर्मित और सिमरन कौर धादली की आवाज में, पुत्त जट्ट दा में एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो दुनिया के खिलाफ खड़ा है। वह सबके खिलाफ लड़ता है, बलिदान देता है पर हार मानने को तैयार नहीं है। गायिका उस प्रेमी की अभिव्यक्ति कर रही है और खुद को उसकी अदम्य भावना की प्रेरणा के रूप में पेश करती है।
सिमरन ने कहा, "मैं दुनिया के सामने 'पुत्त जट्ट दा' पेश करने के लिए उत्साहित हूँ।

### आईटीआई भवन की स्वीकृति मिलने पर किया धन्यवाद

**नीलोखेड़ी।** विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने बजट सत्र के आखिरी दिन गांव जाम्बा में आईटीआई भवन निर्माण के लिए 16 करोड़ 45 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया। विधायक ने बताया कि हल्के की यह मांग बहुत पुरानी है जिसे पूरा कर प्रदेश सरकार ने हल्के को सौगात दी है।इसके लिए विधायक ने धन्यवाद किया।

---

### सत्संग में दिखा प्रभु श्रीकृष्ण की भक्ति का अटूट प्रेम, प्रवचन सुन गदगद हुए भक्त

# गीता और गुरु ग्रंथ साहब में तत्व रूप में कोई अंतर नहीं: ज्ञानानंद

**श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से सेक्टर 12 मैदान में भव्य एवं विशाल दिव्य गीता सत्संग का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से सेक्टर 12 मैदान में भव्य एवं विशाल दिव्य गीता सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय सनातन वैदिक नव वर्ष नव सम्वत के अभिनंदन के रूप में यह पांच दिवसीय श्रीमद भगवत गीता सत्संग आयोजन किया जा रहा है। तीसरे दिन गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने बताया कि




आज के वातावरण में किस किस रूप में, कैसे कैसे श्रीमद्भगवत गीता की उदारता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गीता और गुरु ग्रंथ साहब में तत्व रूप में अंतर कहीं नहीं है। आवश्यकता है इस ढंग के जो उदारमना संत है खुला विचार करने वाले संत है वो उस तत्व को सही रूप में समाज के समक्ष लाएं। स्वामी ज्ञानानंद जी ने कहा कि गीता में कहा गया कि मन में किसी के लिए द्वेष न रखो। नए वर्ष नव सम्वत में कुछ नया करने का संकल्प लें। संकल्प के साथ



निराशा को न जोड़ें, नकारात्मक सोच न जोड़ें, दुविधाएं न जोड़ें। संकल्प के साथ विकल्प न जोड़ें। उन्होंने कहा कि संकल्प के साथ दुविधा साथ बना लेते हैं। संकल्प दुविधा रहित होता है, संशय रहित होता है। संकल्प के साथ निराशा नहीं होगी तो निश्चित रूप से अच्छे परिणाम मिलेंगे। गीता केवल मानव मात्र के लिए नहीं, प्राणी मात्र के लिए भी है। भगवान कहते हैं सब प्राणियों के हित में जो रहते हैं वो मुझे पा लेते हैं। इस अवसर पर बाबा भूपेंद्र सिंह, मेयर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर, बृज गुप्ता, पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, कपिल अत्रेजा, पूर्व मंत्री भीम सैन मेहता, विजय सेतिया, सुरेंद्र गुप्ता, सौरव गुप्ता, सुभाष गुप्ता, धीरज चौधरी, मनोज अरोड़ा, अनिल गुप्ता, सुशील जैन, पंकज कांबोज, अनिल गोयल, चमन लाल, पंकज गर्ग, एम.पी कश्यप, दिनेश जिंदल, प्रदीप बंसल, डॉ नवीन गुप्ता, जगमोहन गुप्ता, सचिन बंसल, जोगिंदर शर्मा, नवीन बत्रा, सतीश गुप्ता, पारुल बाली, विकास कथूरिया, राजेश अग्गी व नीटू मान सहित विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**घर में नियमित रूप से गीता पाठ करें**

स्वामी ज्ञानानंद जी ने कहा कि विभिन्न प्रकार की भ्रांतियों और भ्रमों में पढ़कर अपने घर परिवार को कलह कलेश का केंद्र न बनाएं।

---



## सुपर 100 प्रोग्राम के तहत दी जा रही है नि:शुल्क कोचिंग

- सरकारी स्कूलों में डिजिटल बोर्ड के माध्यम से आधुनिक और ऑनलाइन दी जा रही है शिक्षा - डॉ. गुरनाम सिंह मंढान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह मंढान के नेतृत्व में सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय( कन्या) में प्रधानाचार्या ज्योति खुराना की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया और स्कुली बच्चों द्वारा रैली निकाली गई। सभा में उपस्थित अध्यापकों, अभिभावकों व बच्चों को संबोधित करते हुए कहा खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह मंढान ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी तमाम सुविधाएं शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षित, समर्पित, संवेदनशील अध्यापकों के द्वारा बच्चों के लिए इंडिविजुअल प्रोग्राम बनाकर पढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में डिजिटल बोर्ड के माध्यम से आधुनिक और ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही है।
बीआरपी धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि की सुपर 100 प्रोग्राम के माध्यम से सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों को आईआईटी एवं नीट की निशुल्क कोचिंग दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बुनियाद कार्यक्रम के माध्यम से भी बच्चों की प्रतिभा का आंकलन करके उन्हें आगे बढ़ाने में मदद किया जा रही है।

---

## एसएमएस पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

एसएमएस पब्लिक तरावड़ी में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का शुभारंभ विद्यालय में किया गया है कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ विभा कौशिक और सीबीएसई स्रोत व्यक्ति कविता खन्ना, ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनीपत में सामाजिक विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं परीक्षक डॉ. अनुपम हांडा एयर फोर्स स्टेशन पीजीटी इतिहास अधिकारी ने सरस्वती माता के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधालय में शिक्षकों के लिए सीबीपी (क्षमता निर्माण कार्यक्रम) प्रशिक्षण कार्यक्रम हैं जो उनके कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जो अक्सर कक्षा प्रबंधन, मूल्य शिक्षा और



**तरावड़ी।** कार्यक्रम मे भाग लेते स्कूल स्टाफ व अध्यापक मेहमान।

समावेशी रणनीतियों जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हैं । कार्यक्रम में विभिन्न सीबीएसई-संबद्ध स्कूलों के 65 से अधिक प्रधानाचार्य और शिक्षक शामिल हुए। इसका उद्देश्य शिक्षकों को प्रभावी प्रशिक्षण विधियों में कुशल बनाना था। विधालय के प्रबंधक महोदय सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने सभी प्रतिभागियों के शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षा के भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह कार्यक्रम शिक्षकों को नवीन विधियों, रणनीतियों, तरीकों, उपकरणों और कौशल सीखने की एक सतत प्रक्रिया का अवसर प्रदान करता है। प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने सीबीएसई स्रोत व्यक्तियों का धन्यवाद किया और उन्हें विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह देकर उनका आभार व्यक्त किया।

---

## इब्रो इंडिया प्रीमियर लीग 11 की टीम वेरो बेला बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

इब्रो इंडिया कंपनी द्वारा इब्रो इंडिया प्रीमियर लीग 11 सीजन के क्रिकेट का फाइनल मुकाबला इन्फ्रेक और वेरो बेला के बीच खेला गया। जिसमें वेरो बेला टीम ने इन्फ्रेक टीम को 31 रनों से हरा दिया और चैम्पियन बन गई। वेरो बेला और इन्फ्रेक टीम जैसे ही मैदान में उतरी तो इन्फ्रेक टीम के कप्तान बंसीलाल ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। वेरो बेला टीम के कप्तान विकास सैनी सहित अन्य खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 146 रनों का टारगेट अपनी प्रतिद्वंदी टीम इन्फ्रेक को दिया। वेरो बेला के खिलाड़ी सुनील ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों पर 67 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं अंकुश मेहरा ने 17 गेंदों पर 21 रन बनाएं। इसी तरह वेरो बेला के खिलाड़ियों ने शानदार पारी खेलते हुए अपनी प्रतिद्वंदी टीम को




**तरावड़ी।** वेरो बेला चैंपियन टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए इब्रो इंडिया के एम.डी ग्राहम कार्टर व अन्य अधिकारी।

**खेले हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं**

: इस मौके पर एच.आर हेड यशपाल सिंह केहरवाला ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, अभ्यास करने और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है।

146 रनों का टॉरगेट दे दिया। वहीं इन्फ्रेक टीम के खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन पारी का परिचय दिया लेकिन वेरो बेला टीम के गेंदबाजो ने अपनी सूझबुझ का परिचय देते हुए इन्फ्रेक टीम के बल्लेबाजो को परेशान करके रख दिया और इन्फ्रेक टीम के बल्लेबाज ज्यादा कमाल नहीं कर पाएं और मात्र 115 रनों पर ही टीम सिमट गई। वेरो बेला के खिलाड़ी सुनील को मैच ऑफ मैच और मैच ऑफ दा सीरीज चुना गया। इस मौके पर कम्पनी के एम.डी ग्राहम कार्टर, डायरेक्टर कृष्ण धवन, यूनिट हेड श्रवण शर्मा और एच.आर हेड यशपाल सिंह केहरवाला ने वेरो बेला विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और उन्हें बधाई देते हुए कहा कि इब्रो इंडिया हर वर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करती है, जिससे कंपनी के कर्मचारियों में एकजुटता की भावना बनी रहती है और इसी उद्देश्य के साथ कंपनी का यह प्रयास रहता है कि वह स्पोटर्स के क्षेत्र में अग्रणीय भूमिका निभा सके।

**सुनील चुने गए मैन ऑफ द मैच और सीरीज**

: फाइनल मुबाकले में वेरो बेला टीम के खिलाड़ी सुनील को मैच ऑफ द मैच और मैच ऑफ दा सीरीज चुना गया। इस खिलाड़ी ने टूर्नामैंट में अपनी शानदार पारी का परिचय दिया। फाइनल मुकाबले में भी सुनील ने 42 गेंदों पर 67 रनों की शानदार पारी खेली और टीम को जीत दिलाई।

---

## इस वर्ष खनन विभाग द्वारा 158 वाहन किए गए सीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- 50 लाख 46 हजार 827 रूपये का वसूला जुर्माना

उपायुक्त उत्तम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और उनके वाहन भी जब्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसा जाए और खनन विभाग की ओर से संबंधित को नोटिस जारी किए जाएं और रिकवरी के लिए पेनल्टी भी लगाई जाए। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने एनफोर्समेंट एसएचओ को निर्देश दिए कि वे अवैध खनन पर नियंत्रण लगाने के लिए अपनी गतिविधियों को बढ़ाएं और उन पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने अवैध खनन को लेकर दर्ज की गई एफआईआर में आगे की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट तैयार कर आगे कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि खनन अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध खनन के मामले में जब्त किए गए वाहनों में से सुपरदारी के बाद शेष वाहनों का निपटारा भी जल्दी करवाएं। उन्होंने कहा कि जहां जहां अवैध खनन की शिकायतें मिलती है, ऐसे स्थानों पर पुलिस विभागों के साथ-साथ खनन विभाग के अधिकारी भी अपनी पैनी नजर रखें और अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाएं तथा उनकी एफआईआर भी दर्ज करवाएं।

---

## सतत कृषि के लिए जैव उर्वरकों के विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में बायोटैक्नोलोजी विभाग द्वारा सतत कृषि के लिए जैव उर्वरकों के विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के पहले दिन मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में डा. प्रियंका चंद्रा, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि अनुसंधान परिषद केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान ने महाविद्यालय के परिसर में शिरकत की। कालेज की प्राचार्या मीनू शर्मा ने मुख्य अतिथि को हराभरा पौध भेंट कर स्वागत किया। डा. मंजू सिंह, विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान ने छात्राओं को कार्यशाला के विषय की प्रासंगिकता से अवगत कराया। डा.



नादियान चौहान विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान एवं कार्यशाला कन्वीनर ने अतिथि का औपचारिक परिचय देकर छात्राओं को संबोधित किया। डा. प्रियंका चंद्रा ने जैव उर्वरकों और सतत कृषि के परिचय पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। उन्होंने एजोटोबैक्टर, माइकोराइजा, ब्लू ग्रीन एल्गी और राइजोबियम जैसे महत्वपूर्ण जैव उर्वरकों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मिट्टी पोषण का आधार है, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि स्वस्थ मिट्टी ही सतत कृषि और बेहतर फसल उत्पादन की कुंजी है। कार्यशाला के दूसरे दिन एमएससी बायोटेक्नालाजी के विद्यार्थियों ने र्आसीएआरसीएसएसआरआई का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने संस्थान की केंद्रीय प्रयोगशाला तथा संग्रहालय का दौरा किया और अत्याधुनिक उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

---



**करनाल।** कार्यक्रम में योग क्रियाएं करते साधक। फोटो :हरिभूमि

### शरीर को स्वस्थ रखने में योग का खास योगदान

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत टीम द्वारा परम श्रद्धेय स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में मिशन के संस्थापक दिनेश गुलाटी और अन्य साधकों ने सेक्टर 12 में आयोजित कार्यक्रम में योग क्रियाएं की गई।उन्होंने शरीर को स्वस्थ और ऊर्जावान करने के लिए विभिन्न तरह के आसन करवाएं। जिसके पश्चात प्राणायाम के दौरान उन्होंने बताया कि प्राणायाम मन की चंचलता और मन को स्थिर रखने में सहायक है। योग और ध्यान साधना द्वारा ही मनुष्य अपने परम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है योग न केवल क्रियाएं या आसान ही है,अपितु इससे बढ़कर योग सर्वश्रेष्ठ जीवन जीने के मार्ग की ओर प्रशस्त करता है। योग द्वारा ही के निरंतर अभ्यास से ही हम नकारात्मकता को छोड़कर जीवन के सकारात्मक पक्ष को पहचान पाते हैं। और उसी में आनंद की अनुभूति कर सकते हैं।स्वामी ज्ञानानंद जी ने साधना के दौरान ध्यान लगवाते हुए बताया की परमात्मा हमारे शरीर के भीतर एक दिव्य ऊर्जा और अलौकिक प्रकाश के रूप में विद्यमान है ।जब मानव ध्यान और चेतना के साथ इस दिव्य शक्ति से जुड़ जाता है ,उसका आनंद ही अलग है। कार्यक्रम में मेरा मिशन स्वस्थ भारत समिति की ओर से नीलम बटला, एनएफ चौधरी, पूनम खन्ना उपस्थित थे।

---

## आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स का धरना तीसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन ने तीसरे दिन भी जिला प्रधान रूपा राणा की अध्यक्षता में जिला सचिवालय के सामने धरना दिया। संचालन जिला सचिव बिजनेश राणा ने किया। बाद में जिला सचिवालय में प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन महिला एवं बाल विकास मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। दूसरा ज्ञापन महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक महोदय और कमीशनर के नाम जिला कार्यक्रम अधिकारी को सौंपा गया। रुपा राणा, बिजनेश राणा, सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी, जगपाल राणा व ओपी माटा ने कहा कि विभाग की मंत्री और



डायरैक्टर व कमीशनर ने बातचीत करके समस्याओं का समाधान नहीं किया तो जल्दी ही राज्य कमेटी की मीटिंग बुलाकर आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी वर्करों को विभाग द्वारा तीन जीबी रैम वाले मोबाइल फोन दिए गए हैं, लेकिन पोषण ट्रैकर ऐप के लगातार अपडेट के कारण ये फोन सही तरीके से काम नहीं कर रहे। टीएचआर (टेक होम राशन) भरते समय हर बार एक ही व्यक्ति का फोटो अपलोड करने की अनिवार्यता है, जबकि कभी दादी, कभी मां राशन लेने जाती हैं। ओटीपी वेरिफिकेशन की शर्त विभाग ने लगाई है, जबकि गरीब परिवार साइबर ठगी के डर से ओटीपी साझा करने से हिचकिचाते हैं। इस अवसर पर कमला, मीनाक्षी, सुष्मा शर्मा, शीला, राजरानी, सुनीता, सुदेश सग्गा, संतोष अरडाना आदि मौजूद रहीं।।

---

### डीएवी पीजी कॉलेज में 51वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद

## खेलों से छात्रों का होता है सर्वांगीण विकास: सुभाष

- विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल प्रतियोगिताएं जरूर : प्रोफेसर रामपाल सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज में 51वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में स्वच्छ भारत अभियान हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र व कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने किया।
कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना चाहिए। उन्होंने




कहा कि खेलों में रुचि रखने वाले विद्यार्थी अपने सामाजिक बुराईयों, बुरी संगति, एवं नशे से दूर रहते हैं। इसलिए विद्यार्थियों को जितना हो सके शिक्षण के साथ -साथ खेलों से जुड़ना चाहिए और जिस भी खेल को खेलने की उनकी इच्छा हो उसमें जरूर भाग लेना चाहिए। प्राचार्य ने कहा कि खेल स्वस्थ शरीर के साथ मानसिक विकास करते हैं। भाईचारे की भावना बढ़ती है। तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में जाने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि सरकार की नीति खिलाड़ियों के लिए रोजगारपरक है। जो बड़े-बड़े पदों पर खिलाड़ियों को नियुक्त करतीं हैं। इसलिए भी विद्यार्थियों को खेलों में भाग लेना चाहिए ताकि रोजगार भी मिल सके।
मुख्य अतिथि सुभाष चन्द्र ने विद्यार्थियों को कहा कि खेलों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। जो उन्हें शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में भी मददगार होते हैं। खेलों से विद्यार्थियों में उत्साह, उर्जा, शक्ति, का संचार होता है। जो देश सेवा की भावना को मजबूती देता है। विद्यार्थियों का हौंसला हमेशा उनके भविष्य के निर्माण में सहायक होता है। इसलिए विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।
कॉलेज के वाईस प्रिंसिपल डॉ संजय जैन ने भी मुख्य अतिथि व अन्य सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए खेलों में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया ।प्राचार्य ने शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र चौहान को कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी। डॉ जितेन्द्र ने सभी का आभार जताते हुए दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के कार्यक्रम बारे विस्तार से जानकारी दी।
प्रतियोगिता में में मंच संचालन डॉ सुरभि, डॉ राधिका ने किया। वहीं उद्घोषक की भूमिका में डॉ गुरदेव द्वारा समय-समय पर की जा रही कमेंट्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उनकी प्रस्तुति में मिमिक्री पर सभी ने खूब ठहाके लगाये। इस मौके पर सभी कॉलेज स्टाफ सदस्य व सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 12 बच्चों को बाल श्रम के चंगुल से मुक्त करवाया

**पानीपत।** एमडीडी ऑफ इंडिया ने, स्टेट क्राइम ब्रांच, शिक्षा विभाग, बाल कल्याण समिति, जिला कल्याण विभाग, पुलिस विभाग और ब्रेकथ्रू संस्था के सहयोग से बाल श्रम और बच्चों से भिक्षावृत्ति के खिलाफ शिक्षा का हक नई राह नई पहचान अभियान चलाकर गोहाना रोड मार्केट से 12 बच्चों को बाल श्रम के चंगुल से मुक्त करवाया गया।

### नशीले इंजेक्शन के साथ युवक पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने चिराग पुत्र ओम प्रकाश निवासी अर्जुन नगर, पानीपत को बस अड्डा गांव कुराड के सामने से गिरफ्तर किया। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 इंजेक्शन बरामद किए। ड्रग्स कन्ट्रोल अधिकारी की जांच में ये इंजेक्शन नशीले व प्रतिबंधित पाए गए। इधर, चिराग के खिलाफ थाना सनौली में केस दर्ज करवाया गया है।

### पुलिस ने शराब तस्कर पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने मुकेश कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी गांधी कालोनी को शराब व बीयर की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से बरामद शराब व बीयर की खेप को जब्त कर उस पर थाना मॉडल टाउन में केस दर्ज किया गया।

### रविंद्र हत्याकांड का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के विकास नगर में जजपा नेता रविंद्र उर्फ मिन्ना की हत्या व विनय निवासी गांव जागसी जिला सोनीपत हाल वासी विकास नगर व विनीत उर्फ कोको निवासी विकास नगर पर जानलेवा हमला करने के दूसरे आरोपी राजबीर उर्फ राजू पुत्र जिले सिंह निवासी विकास नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया है। राजबीर ने अपने मित्र रणबीर के साथ मिलकर रविंद्र की हत्या की थी। आरोपियों पर हुडा सेक्टर 29 में हत्या व जान लेवा हमला करने के आरोप में केस दर्ज है।

### टक्कर मारने वाली कार के चालक पर केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत में रोहतक हाइवे पर गांव मांडी के पास अनिल निवासी गांव पांची जाटान जिला सोनीपत को गत वर्ष 24 दिसंबर को टक्कर मारने वाली कार के चालक पर इसराना थाना पुलिस ने तीन माह बाद केस दर्ज किया है। अनिल का आरोप है कि सोनीपत के गांव धनाना निवासी कार चालक दिलदार सिंह ने उनके उपचार का खर्च देने का वादा किया था। लेकिन उसने सहयोग नहीं किया।

### बाइक की टक्कर से मां व बेटा गंभीर घायल

**पानीपत।** पानीपत के गांव बुआना लाखू के पास थार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में योगेंद्र व इसकी मां रोशनी देवी निवासी गांव पुगथला जिला सोनीपत घायल हो गए। घायलों को अपताल में भर्ती करवाया गया। इधर, योगेंद्र की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने थार के अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने चोरी के तीन आरोपी पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए राममेहर उर्फ काला पुत्र रघुवीर निवासी बलजीत नगर, तरूण पुत्र राकेश निवासी धारीवाल चौक व सुभाष उर्फ डोडा पुत्र तेजपाल निवासी गांव सुताना जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से दो एक्टिवा व तीन बाइक बरामद की है। वाहन चोरी बारे थाना माडल टाउन में मुनीष गोयल की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, राममेहर उर्फ काला व सुभाष उर्फ डोडा पर पहले भी अपराधिक केस दर्ज है।

### पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने नरेंद्र निवासी गांव धरौली जिला जींद को नशा तस्करी के आरोप में पकड़ा और इसके पास से 210 ग्राम अफीम व तस्करी में प्रयोग की जा रही कार बरामद की। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपी पर थाना मॉडल टाउन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया और कोर्ट से आरोपी को चार दिन के रिमांड पर लिया गया है।

---

### विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार दें शिक्षक: आर्य

# आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थी और खिलाड़ी सम्मानित किए

**आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा और खेल गतिविधियों में भाग लेने का भी आह्वान किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वहीं वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष मेहताब आर्य रहे। आर्य समाज कबड्डी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य और समाजसेवी देवेंद्र बेनीवाल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने की उप प्राचार्य जगदीश चहल और आशा अरोड़ा ने इस समारोह के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः कालीन वैदिक यज्ञ के साथ हुआ। मंच का संचालन नीतू चौधरी व अंजलि शर्मा के द्वारा किया गया। आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा और खेल गतिविधियों में भाग लेने का भी आह्वान किया गया। समारोह की मुख्य विशेषता मुख्य विशेषता यह रही की जनवरी 25 में महाराष्ट्र में अंडर 14 नेशनल स्कूल गेम प्रतियोगिता जो महाराष्ट्र में आयोजित हुई उस प्रतियोगिता में इस विद्यालय की कक्षा सातवीं की छात्रा 13 वर्षीय निशिका ने हरियाणा टीम में भाग लिया इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके निशिका की टीम ने केवल पानीपत का बल्कि पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने 11000 की नगद राशि और शील्ड देकर इस बाल खिलाड़ी का सम्मान बढ़ाया। वहीं रणदीप आर्य ने कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जिसके बल पर एक सामान्य व्यक्ति भी महामानव बन सकता है। उन्होंने अध्यापकों से अपील की कि वे बच्चों को शिक्षित करने के साथ अच्छे संस्कार भी दें।



पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य विद्यार्थियों से संवाद करते हुए।

---



पानीपत। हजरत कलंदर की दरगाह में मुस्लिमों को ईद के लिए सौगात ए मोदी भेंट करते हुए मेयर कोमल सैनी। फोटो :हरिभूमि

# भाजपा ने मुस्लिमों को बांटी सौगात ए मोदी

- सौगात ए मोदी किट पाकर बहने बहुत प्रसन्न हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद के पाक मौके पर सौगात ए मोदी दे जरूरतमंद मुस्लिम भाई बहनों को पूरे उल्लास ईद मानने का मौका दिया है।

इसी कड़ी कलंदर दरगाह में भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता ने जरूरतमंद मुस्लिम भाई बहनों को सौगात ए मोदी की किट वितरित की। सौगात ए मोदी किट पाकर बहने बहुत प्रसन्न हुई। सौगात ए मोदी किट बांटने के अवसर पर महापौर कोमल सैनी भी मौजूद रही। जबकि मेहराज साबरी ने स्वागत भाषण दिया तथा शाल भेंट कर भाजपाइयों का स्वागत किया। कार्यक्रम में राशिद खान, हमजा, अरशद, हारून खान, मुस्तकीम, वसीम तथा सैयद नदीम समेत बडी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

---

*भगवान शिव का जलाभिषेक करें*

# पश्चिमी सभ्यता का त्याग कर सनातन को अपनाएं युवा: डॉ. नैन

- श्री राम कृष्ण साधना केंद्र, मुरथल में होगा भगवान शिव के 120 त्रिशुलों का महापूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री राम कृष्ण साधना धाम मुरथल, सोनीपत के अध्यक्ष स्वामी स्वामी दयानन्द सरस्वती महाराज ने बताया कि हमारे आराध्य ब्रह्मलीन सतगुरु प्रभुदत्त ब्रह्मचारी के आशीर्वाद से उन्हीं की तपोस्थली झूसी प्रयागराज आश्रम में 144 वर्षों बाद आने वाले पावन पवित्र महाकुंभ में इस बार 108 त्रिशूलों का महापूजन 31 दिन तक करने के पश्चात एवं 12 त्रिशूलों के साथ 12 ज्योतिर्लिंग ,12 शक्तिपीठों एवं 4 धाम के दर्शन एवं महापूजा के पश्चात भगवा त्रिशूल यात्रा आपके अपने आश्रम श्री राम कृष्ण साधना केंद्र मुरथल,सोनीपत में 21 दिन के नियमित महापूजन के लिए पहुंच चुकी है। इधर, अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद एवं भगवा एप द्वारा आयोजित भगवा त्रिशूल यात्रा के 120 त्रिशुलों का पूजन नवरात्रों के पावन पर्व पर 17 अप्रैल तक नियमित चलेगा। 28 मार्च से 21 दिन तक मां आदि शक्ति और भगवान शिव का नियमित महापूजन होगा। अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाय ने सभी श्रद्धालुओं व हरियाणा वासियों से आग्रह किया है कि आप भी सपरिवार इस दिव्य व पावन पवित्र महापूजन में भाग लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करे और 120 भगवा त्रिशूलों के विधिवत पूजन कर पुण्य के भागीदार बनें। अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की राष्ट्रीय प्रवक्ता दामिनी वशिष्ठ ने बताया कि 18 अप्रैल को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में सूफी कैलाश खेर व शिव भजनों के साथ भगवा त्रिशूल यात्रा अपने भव्य समापन के साथ इतिहास रचेगी। युवा पश्चिमी सभ्यता का त्याग कर सनातन को अपनाएं।



पानीपत। अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ. नवीन नैन भालसी पूजन करते हुए।

---

- उपायुक्त ने परिषद बनाने की सिफारिश सरकार को भेजी, समालखा बनेगी नगर परिषद

# गजट नोटिफिकेशन जारी होते ही समालखा बन जाएगा नगर परिषद

अशोक शर्मा ▶▶| समालखा

समालखा को नगर पालिका से परिषद बनाने का मार्ग साफ हो गया है। नगर परिषद बनाने के लिये उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने प्रदेश सरकार को नगर परिषद की प्रस्तावित सीमा का नक्शा, जनसंख्या की सूचना, पालिका द्वारा पारित प्रस्ताव व अन्य सभी दस्तावेज़ों सहित नगरपालिका का दर्जा बड़ा कर नगर परिषद बनाने की सिफारिश सरकार को भेज दी है। सरकार द्वारा गजट नोटिफिकेशन जारी होते ही नगर पालिका का दर्जा बढ़ कर नगर परिषद का हो जायेगा।

### पांच साल से जारी था संघर्ष

समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने बताया संघर्ष मोर्चा वर्ष 2021 से लगातार पालिका सीमा वृद्धि, सभी अवैध कालोनियों को स्वीकृत कराने व समालखा को नगर परिषद बनाने के लिये संघर्ष जारी रखे हुए था। इसके लिये मांग पत्र दिये गये व धरने प्रदर्शन, कालोनियों में नुक्कड़ सभाएं करके जनता को संगठित किया गया। उन्होंने खुद ही मेहनत करके पालिका सीमा वृद्धि के नक्शे, अवैध कालोनियों को स्वीकृत करने व नगर परिषद बनाने के नक्शे नगर पालिका अधिकारियों को तैयार करके दिये।



प्रस्तावित नगर परिषद के नक्शे को दिखाते हुए आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर।

**यहां तक होगी परिषद की सीमा**

आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने बताया कि रेवेन्यु एस्टेट भापरा व समालखा के समस्त रकबा सहित रेलवे लाइन पार भरत नगर, चुलकाना रोड़ की शास्त्री कालोनी, नेसले रोड़ की महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती, नेसले फैक्ट्री, श्री तारा एंकलेव कालोनी, सीता राम कालोनी एक्सटेंशन, चंदन गार्डन, मयूर विहार, गणेश कालोनी सहित दो दर्जन से ज़्यादा नई बनी कालोनियां नगर परिषद में शामिल होंगी। इसमें समालखा व भापरा का कुल करीब 10.21 वर्ग किलो मीटर का रकबा व गांव पावटी, गांव पट्टी कल्याणा,गांव किवाना का करीब 150 एकड़ का समालखा की सीमा के साथ लगता रकबा शामिल होगा ।

**नगर परिषद बनने पर ये होंगे लाभ**

नगर पालिका भंग होगी व नगर परिषद के लिये चुनाव होंगे, नई शामिल कालोनियों के वासी नगर परिषद चुनावों में वोट डाल सकेंगे, सभी अवैध कालोनियां स्वीकृत होंगी, विकास कार्य होंगे, विकास कार्यों के लिये बजट में भारी वृद्धि होगी, सफाई कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि होगी, नगर परिषद कार्यालय में स्टॉफ बढ़ेगा, कार्य कारी अधिकारी व डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर जैसे बड़े अधिकारी नियुक्त होंगे ।

---

# मुकेश व अंजलि बने बेस्ट एथलीट

- विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी की वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। यह एथलेटिक मीट शिवाजी स्टेडियम पानीपत में सम्पन्न हुई। इसमें लगभग 200 छात्र -छात्राओं ने भाग लिया और अलग-अलग इवेंट में अच्छा प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की प्रबंधक समिती के महासचिव एलएन मिगलानी, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, महाविद्यालय की एडवाइज़री कमेटी तथा स्पोर्ट्स कमेटी के मेंबर्स ने विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया। फ़िज़िकल एजुकेशन विभाग से डॉ. राजेश क़ुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 4 गोल्ड मेडल जीतकर बेस्ट एथलीट (लड़के) में मुकेश, बी. ए. फ़र्स्ट व 7 गोल्ड मेडल जीतकर बेस्ट एथलीट (लड़की) में अंजलि, बी. ए. थर्ड ने ख़िताब पर कब्जा किया । इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में स्पोर्ट्स कमेटी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. गुरनाम सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. जोगेश, डॉ. नेहा पुनिया व परमजीत कुंडू उपस्थित रहे।



पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

# एसडी कॉलेज में रील मेकिंग स्किल कोर्स शुरू, 3 सौ छात्रों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में रील मेकिंग कोर्स की विधिवत शुरुआत हुई है। जिसमें कॉलेज के 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को प्रशिक्षण नोएडा से पधारे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फिल्म मेकर आदित्य सेठ और डॉ.अख्लाख अहमद उस्मान ने दिया। विशिष्ट मेहमान कपिल जैन मैनेजिंग डायरेक्टर शीतल दास जैन फाउंडेशन और टीपी गोयल डायरेक्टर स्कालरशिप विभाग शीतल दास जैन फाउंडेशन रहे। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा और कोर्स.कोऑर्डिनेटर डॉ.मोनिका खुराना ने पौधे रोपित गमलें भेंट करके किया। आदित्य सेठ ने बताया कि रील मेकिंग कोर्स एक ऐसा ट्रेनिंग प्रोग्राम है जिसमें विद्यार्थियों को शॉर्ट.फॉर्म वीडियो क्रिएशन की पूरी प्रक्रिया सिखाई जाती है। इस कोर्स में विद्यार्थी वीडियो शूटिंग की तकनीक, एडिटिंग और पोस्ट.प्रोडक्शन, क्रिएटिव ट्रेंड्स और स्टोरीटेलिंग, सोशल मीडिया एल्गोरिदम और वायरल वीडियो स्ट्रेटेजी, ऑडियो इफेक्ट्स और ट्रांजिशन का सही उपयोग जैसी तकनीकों को समझते हैं।



एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड, कपिल जैन का स्वागत करते हुए।

---

# पानीपत में ईद पर्व सौहार्दपूर्ण मनाया जाएगा

- पुलिस व पीस कमेटी के बीच हुई बैठक, ईद पर्व के लिए पुलिस ने जिला भर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार डीएसपी मुख्यालय सतीश कुमार वत्स ने शहर के मौजिज व गणमान्य व्यक्तियो के साथ अपने कार्यालय में की बैठक की। वहीं डीएसपी वत्स ने बताया कि आने वाले ईद का पर्व के लिए सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति कमेटी के साथ बैठक हुई। बैठक में शांति कमेटी के सदस्यों ने आश्वासन दिया कि ईद पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म का त्योहार रहा हो, जिले में सभी ने एक दूसरे का सम्मान किया है जो आगे भी ऐसे ही बना रहेगा।



ईद पर्व को लेकर पुलिस व पीस कमेटी बैठक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटेगी पुलिस

पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने को मध्यनजर थाना प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। प्रत्येक गांव, गली मोहल्ले व कॉलोनियों पर नजर रखी जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों को भी चिह्नित किया जा रहा है। सामाजिक सौहार्द व कानून एवं व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरूद्ध आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जाएगी। कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो इसकी सूचना तुरंत डायल 112 या संबंधित थाना प्रभारी या चौकी इंचार्ज को दें।

### कच्ची शराब के सेवन से एक मरा, दूसरा गंभीर

**इसराना।** पानीपत के गांव बिजावा में मकान चिनाई करने वाले मजदूरों ने कथित रूप से कच्ची शराब की अवरडोज ले ली, जिसमें एक की ईलाज के दौरान मौत हो गई और दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। इधर, इसराना थाना पुलिस को दिए बयान में रैना पत्नी राजकुमार वासी जसवंतपुर जिला पन्ना मध्यप्रदेश ने बताया कि उसका पति 35 वर्षीय राजकुमार एक सप्ताह पूर्व बंटी वासी बुलंदशहर यूपी व विकास निवासी सहरसा बिहार के साथ बिजावा में चिनाई के काम पर मजदूरी करने गए थे। जिन्होंने वीरवार की शाम के समय ज्यादा मात्रा में कथित रूप से कच्ची शराब पी ली। ज्यादा मात्रा में शराब पीने से अचेत अवस्था में उसके पति राजकुमार व साथी मजदूर बंटी को उपचार के लिए इसराना के एक निजी अस्पताल लाया गया। शुक्रवार को उपचार के दौरान उसका पति राजकुमार दम तोड़ गया। जबकि बंटी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

**महोत्सव** सांग महोत्सव में आकर्षण का केंद्र हरियाणवी संस्कृति को जानने-समझने वाले दर्शक थे

# एसडी कॉलेज में सांग महोत्सव का शानदार आगाज पहले दिन उत्तानपाद सांग का हृदय स्पर्शी मंचन हुआ

**हरियाणवी संस्कृति का मूल आधार है सांग : गजेंद्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति के प्रसार-प्रचार में प्रदेश की अग्रणी संस्था दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट पानीपत तथा हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के निदेशक गजेन्द्र फोगाट के निर्देशन में तीन दिवसीय सांग महोत्सव की शानदार शुरुआत हुई। जिसकी विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि गजेंद्र सलूजा प्रतिनिधि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और विशिष्ट अतिथि दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान ने की। पहले दिन वेद प्रकाश अत्री एंड पार्टी ने मांगे राम कृत 'उत्तानपाद' सांग की हृदय स्पर्शी प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर गणमान्य मेहमान दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान, मनोज जगलान समाजसेवी और राजेश शर्मा (बल्ला) समाजसेवी एवं ब्राह्मण सभा नेता ने शिरकत करके कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मेहमानों का स्वागत दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा और कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने पौधे रोपित गमलें भेंट करके किया। सांग महोत्सव में आकर्षण का केंद्र दूर-दराज गावों से आये हुए बुजुर्ग और हरियाणवी संस्कृति को जानने-समझने वाले दर्शक थे। प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने सभी आमजनों और युवाओं से आग्रह किया कि वे कॉलेज में पधार कर इन प्रस्तुतियों को देखे और कॉलेज को अनुग्रहित करें। मंच संचालन गुलाब पांचाल तथा डॉ. संतोष कुमारी ने किया। पानीपत के परम संत श्री परशुराम ने भी संस्था को अपना आशीर्वाद दिया और शुभकामनाएं संप्रेषित की। इधर, मुख्य अतिथि गजेंद्र सलूजा ने अपने वक्तव्य में कहा कि सांग हरियाणवी संस्कृति का मूल आधार है। प्राचीन काल में यह मनोरंजन का मुख्य साधन होता था और आज दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट जैसी संस्थाएं निरंतर सांगोंके आयोजन से संस्कृति को बचाने का जो प्रयास कर रहे हैं उसका वे दिल से साधुवाद देते है ।







पानीपत। एसडी कॉलेज में सांग का मंचन करते हुए अभिनेतागण। व सांग का अवलोकन करते दर्शक। फोटो :हरिभूमि

### नवरात्रों में भद्रकाली मंदिर सजा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर, कुरुक्षेत्र में नवरात्रि महोत्सव की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि इस साल माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में आनन्द महोत्सव 29 मार्च से 13 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें 30 मार्च से 6 अप्रैल तक नवरात्रि पर्व होगा शक्ति महोत्सव में विशेष तौर पर 29 मार्च, शनिवार को हरियाणा की सबसे बड़ी शोभायात्रा निकलेगी, जो दोपहर 1 बजे माँ भद्रकाली शक्तिपीठ से ज्योति रथ के साथ संपूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए सांय 6 बजे पुनः मंदिर में प्रतिस्थापित होगी व 30 मार्च, रविवार को प्रथम नवरात्रि के अवसर पर हिंदू नववर्ष अभिनंदन महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाने का कार्य भी सुचारू रूप से जारी है।

**खबर संक्षेप**

### तीस मार्च को होगा विशाल कार्यक्रम

**अंबाला।** ब्रहमाकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम द्वारा 30 मार्च 2025 रविवार को शाम 5:00 बजे बीपीएस प्लेनेटेरियम हॉल में जिंदगी बने आसान/"* विषय पर विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस विशाल कार्यक्रम का आयोजन कराने का मुख्य उद्देश्य जीवन की हर समस्या का समाधान प्रदान कर खुशनुमा जिंदगी बनाना है। इस अलौकिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजयोगी ब्रह्माकुमार सूरज भाई होंगे जोकि अंतरराष्ट्रीय राजयोग विशेषज्ञ एवं प्रेरक वक्ता हैं।

### स्वच्छता रैली निकाली गई

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा ड्रॉप्स ऑफ चेंज वेलफेयर सोसाइटी के साथ एमओयू के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस आयोजन का प्रारंभ स्वच्छता रैली के साथ किया गया जिसे प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त एवं 22 वर्षों तक ऑस्ट्रेलिया एवं यूएस में बतौर क्लिनिकल फार्मासिस्ट के रूप में कार्यरत जानी मानी समाज सेविका शालू बंसल ने हरी झंडी दिखा कर शुरू किया। उन्होंने स्वच्छता संबंधी संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है।

### तीस दिन तक मुफ्त मिलेगी सेवा

**अंबाला।** अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता, भारती एयरटेल ने प्रदेश में अपनी आईपीटीवी सेवाएं लांच की हैं। इन सेवाओं से ग्राहकों को बेहतरीन बड़ी स्क्रीन पर कंटेंट देखने का अनुभव मिलेगा। इस सेवा के तहत ग्राहक चौपाल, सोनी लिव, नेटफ्लिक्स, ऐप्पल टीवी+, अमेज़न प्राइम, जी5 और 29 प्रमुख स्ट्रीमिंग ऐप्स, 600+ लोकप्रिय टीवी चैनल्स और वाई-फाई कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकते हैं। यह सेवा 599 से शुरू होने वाले प्लान में उपलब्ध है। ग्राहक प्लान की खरीद पर 30 दिनों तक की मुफ्त सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

### गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में वेबिनार

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कैरियर एंड गाइडेंस सेल, लोक प्रशासन विभाग और एनईपी कमेटी ने एक्सिलैंस ग्लोबल स्क्लिस एवं सैबी के संयुक्त तत्वाधान में सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम को लेकर वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे रिसोर्स पर्सन के तौर पर अनुया देशपांडे ने बेहद ही सरल शब्दों में विद्यार्थियों को वित्तिय साक्षरता के बारे में अवगत करवाया। प्राचार्य डॉ.रोहित दत्त ने कहा की वेबिनार के से हम आशा करते हैं कि छात्रों को वित्तिय संबंधित कैरियर की सही जानकारी मिलेगी।

### सोशल साइंस विषय पर सेमिनार का आयोजन

**अंबाला।** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में डीएवी सेंटर फॉर ऐकडेमिक एक्सीलेंस संस्था, नई दिल्ली के सानिध्य में तथा अंबाला ज़ोन के कलस्टर हैड एवं असिस्टेंट रीजिनल ऑफिसर, डॉ. विकास कोहली की देख रेख में सोशल साइंस विषय पर सेमीनार आयोजित किया गया। यह सेमिनार तीसरी से पांचवीं तक के प्राइमरी शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया।



**अंबाला।** शिक्षकों के सथ डांस करते छात्र।

### छात्रों ने कसरत के साथ किया जूंबा डांस

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में संस्कार संगम शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 3 अप्रैल तक चलेगा। इस शिविर में कक्षा तीसरी से छठी तक के छात्रों ने भाग लिया। यह शिविर छात्रों के लिए निशुल्क किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्य अनिल गुप्ता द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी ने गुप्ता को ओउम पट पहनाकर स्वागत किया।

## चुनावी आचार संहित हटते ही शहरी विकास की गति तेज

# शहरी विकास के लिए सरकार ने खोला खजाना, ट्विन सिटी में 5.50 करोड़ की लागत से शुरू होंगी कई योजनाएं

- अंबाला शहर में दो वार्डों के विकास के लिए 3 .50 करोड़ जारी, छावनी में सरकारी स्कूलों में कमरों के निर्माण व शिवाजी की प्रतिमा के साथ दूसरी योजनाओं पर करीब 2 करोड़ रुपये होंगे जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

चुनावी आचार संहित हटते ही शहरी विकास की गति तेज हो गई। शुक्रवार को अंबाला शहर व अंबाला छावनी में कई नई विकास योजनाओं की शुरूआत हुई। अंबाला शहर में पूर्व मंत्री असीम गोयल तो छावनी में परिवहन मंत्री अनिल विज ने नागरिकों को कई सौगात देने का काम किया। अंबाला शहर में शुक्रवार को भी वार्ड नंबर 8 और वार्ड नंबर 13 में 3.5 करोड़ के विकास कार्यों के शिलान्यास व उद्घाटन किए गए। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अंबाला की नवनिर्वाचित मेयर शैलजा सचदेवा,सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा और डिप्टी मेयर राजेश मेहता के साथ दोनों वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास व उद्घाटन किए। सबसे पहले पूर्व मंत्री असीम गोयल ने शहर के हर्बल पार्क पहुंच कर पार्क के सौंदर्यीकरण व रिपेयर के कार्य का शिलान्यास किया। इसके पश्चात विवेक विहार,कुष्ठ आश्रम,वार्ड 8,अंबा मार्केट और सेक्टर 7 में पहुंच कर विकास कार्यों की सौगात दी। विकास कार्यों को लेकर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने बताया कि लगभग 3.5 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत हुई है।

विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान शहरवासियों को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने कहा कि सरकार के पास न पैसे की कमी है और न ही नियत की कमी। उन्होंने बताया कि हमारी विधानसभा के लगभग 500 करोड़ रुपये के विकास कार्य पास हो रखे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी को अंबाला के साथ विशेष स्नेह है। जिला अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने यहां की एक एक गली को देखा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी का काम करने का जज़्बा भी अद्भुत है। गोयल ने शहरवासियों को आश्वस्त किया कि नायाब सरकार में शहर को बुलंदियों तक लेकर जाएंगे। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने हर्बल पार्क में स्प्रिंकलर लगवाने की मांग भी पूर्व मंत्री के समक्ष रखी। इस मांग को तुरंत मंजूर करते हुए निगम अधिकारियों को योजना बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



**अंबाला।** विकास योजनाओं का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य।

### नालों की सफाई का काम भी शुरू

इस बार बरसाती सीजन में शहर में बाढ़ की आफत न आए इसी वजह से नालों की सफाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। असीम गोयल ने बताया कि इस बार निगम ने सजक्ता दिखाई और नालों की सफाई का टेंडर दे दिया है। इस दौरान रितेश गोयल,संजीव गोयल,सुंदर ढींगरा, मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह मानकपुर, मनीष आंनद,अमन सूद,राजबीर सिंह, निगम सदस्य यतिन बंसल, विक्रम फकीर चंद,गुरप्रीत सिंह शाना, जसबीर सिंह,राकेश सिंगला,अनिल गुप्ता व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## एसडी चटर्जी फुटबाल चौक की स्थापना और छावनी में सुंदर स्वागत द्वार बनेगा

### विज ने स्वैच्छिक कोष से छावनी में विभिन्न विकास कार्यों के लिए एक करोड़ 96 लाख रुपये की राशि जारी कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने निकाय चुनाव के बाद आचार संहिता हटते ही अंबाला छावनी में विकास कार्यों के लिए खजाना खोल दिया। विज ने अपने स्वैच्छिक कोष से छावनी में विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 1 करोड़ 96 लाख रुपए की राशि जारी कर दी है। इस राशि से जहां दो सरकारी स्कूलों में नए कमरों का निर्माण तथा अन्य मरम्मत कार्य होंगे, वहीं शिवाजी महाराज की प्रतिमा, फुटबाल के दादा के नाम से प्रख्यात एसडी चटर्जी फुटबाल चौक की स्थापना तथा छावनी में सुंदर स्वागत द्वार का निर्माण होगा। शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उनके द्वारा स्वैच्छिक कोष से दी गई इस राशि के लिए हर वर्ग ने उनका आभार व्यक्त किया है। विज ने कहा कि आगे भी विकास कार्यों के लिए जहां जरूरत होगी उनकी उनकी ओर से मदद के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छावनी में चहुंमुखी विकास हो रहे हैं। उनके द्वारा 1857 में शहीदों के सम्मान में जहां शहीद स्मारक का निर्माण कराया जा रहा है। खेलों, मनोरंजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन व अन्य क्षेत्र में विकास कार्यों की झड़ी लग गई है छावनी विकास के रथ पर तेजी से दौड़ रहा है। बहुत जल्द यहां डोमेस्टिक एयरपोर्ट की भी शुरूआत होने वाली है।इन कार्यों के लिए जारी की राशिः मंत्री अनिल विज ने दो राजकीय स्कूलों के कायाकल्प के लिए 50-50 रुपए जारी किए रामबाग रोड और बीसी बाजार में स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल के कायाकल्प के लिए क्रमशः 50-50 लाख रुपए यानि कुल एक करोड़ रुपए जारी किए हैं। रामबाग रोड पर पीएम श्री राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में इस राशि से स्कूल में पांच नए कमरों, शौचालय, नई सीढ़ियों आदि का निर्माण होगा। इसी प्रकार बीसी बाजार राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में डबल स्टोरी आठ कमरों का नया सेट, नई सीढ़ियां बनेगी तथा मरम्मत कार्य होंगे। मंत्री अनिल विज ने अंबाला-साहा रोड (एनएच 444-ए) पर यमुनानगर से अंबाला छावनी आते समय, अंबाला छावनी नगर परिषद सीमा पर सुंदर स्वागतद्वार बनाने के लिए 34 लाख रुपए स्वैच्छिक कोष से जारी की है ताकि जल्द भव्य एवं सुंदर स्वागतद्वार का निर्माण किया जा सके। इससे पहले भी जीटी रोड से अंबाला छावनी में प्रवेश करते ही स्टाफ रोड पर बेहतरीन धनुष आकार के स्वागतद्वार का निर्माण किया जा चुका है।

### पचास लाख की लागत से स्थापित होगी प्रतिमा

मंत्री अनिल विज ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने के लिए भी अपने स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रुपए जारी किए थे। इस प्रतिमा को सदर बाजार चौक के निकट स्थापित किया जाएगा। यह प्रतिमा बेहद आकर्षक होगी जिसमें "शिवाजी महाराज को हाथ में भाला थाम घोड़े पर सवार दर्शाया जाएगा"। प्रतिमा उनकी वीरता का संदेश देगी। इसी तरह एसडी चटर्जी फुटबॉल चौक की स्थापना के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 12 लाख रुपए जारी किए थे। एसडी चटर्जी छावनी में फुटबॉल के दादा के नाम से जाने जाते हैं। उनके तथा फुटबॉल खेल के सम्मान में मंत्री अनिल विज ने इस चौक की स्थापना हेतु यह राशि जारी की थी।

### करियाना कारोबारी की हत्या में युवक काबू, सोशल मीडिया पर एक अन्य ने पोस्ट डालकर ली हत्या की जिम्मेदारी

- पुलिस ने पोस्ट डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी जांच शुरू की

**नारायणगढ़।** लालपुर गांव में हुई करियाना व्यापारी के हत्या के मामले में पुलिस ने गांव के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभी आरोपी युवक की पहचान उजागर नहीं की है। उधर इंस्टाग्राम आईडी पर डाली गई एक पोस्ट से भी हड़कंप मच गया। इसमें गांव के रहने वाले प्रतीक गुज्जर नामक व्यक्ति ने सुदेश गुप्ता की हत्या की जिम्मेवारी ली थी। पुलिस इसकी जांच कर रही है। वारदात के दिन पुलिस ने जब आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो उन्हें एक फुटेज में एक युवक भागता हुआ नजर आया। फुटेज के आधार पर ही पुलिस को आरोपी तक पहुंचने में मदद मिली है। यह फुटेज भी पूरा दिन सोशल मीडिया पर छाई रही। वहीं हत्या के बाद आरोपी एक बाइक पर भागा था। इसलिए पुलिस बाइक सवार व्यक्ति की तलाश में भी जुट गई है।मामला रंजिशन हत्या का बताया गया है और यह हत्या पेट्रोल पंप के विवाद को लेकर हुई है। जानकारी के अनुसार गांव के ही एक व्यक्ति का पहले से ही एक पेट्रोल पंप था। जबकि दूसरा पेट्रोल पंप खुलने से पहला मालिक नाराज था और कुछ दिन पहले उसकी सुदेश गुप्ता के साथ इस मुद्दे को लेकर बहस भी हुई थी। हत्या के बाद पुलिस ने मामले की कड़ियां जोड़ते हुए प्रतीक के पिता और अन्य पांच-छह दोस्तों से भी पूछताछ की थी। हत्या की सूई गांव के ही एक अन्य आपराधिक किस्म के युवक पर भी घूम रही थी। जब पुलिस ने इस व्यक्ति से जुड़ी जांच को आगे बढ़ाया तो पाया कि वो तो विदेश जा चुका है। इसके बाद गांव के ही दूसरे युवक पर शक पुख्ता हो गया। बता दें कि व्यापारी सुदेश गुप्ता पत्नी सीता देवी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## पूर्व विधायक ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास

- बोले-नायब सैनी सरकारी में शहरों की तर्ज पर किया जा रहा है गांवों का विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने विधानसभा के दर्जनों गांवों का दौरा कर विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। डॉ. सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं को तेजी से लागू किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि गांव का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। गांव कोड़वा खुर्द में कम्यूनिटी हॉल का उद्घाटन कर ग्रामीणों को एक नई सुविधा समर्पित की गई। साथ ही पार्क और जिम भवन का शिलान्यास किया गया जिससे युवाओं और ग्रामीणों को स्वस्थ वातावरण मिलेगा। इसके अलावा स्कूल के सभागार शैड का उद्घाटन और फिरनी से सुरजीत सिंह के घर तक गली निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया। गांव संतोखी में एससी चौपाल की चारदीवारी और गली का उद्घाटन किया गया। गांव नगला नानकू में सामान्य चौपाल का शिलान्यास, श्मशान घाट की चारदीवारी, गली और फिरनी के अंदर इंटरलॉकिंग गलियों का उद्घाटन किया गया। गांव शेरपुर शिवधाम में शेड और टाइल्स निर्माण कार्य के साथ चौपाल में शौचालय और टाइल्स निर्माण का कार्य शुरू किया गया। गांव श्यामडू में ई-लाइब्रेरी, कचरा शेड और पब्लिक हेल्थ ट्यूबवेल का उद्घाटन किया गया। गांव बोड़ा खेड़ा में श्मशान के निर्माण कार्य का शिलान्यास और स्कूल की चारदीवारी के उद्घाटन किया गया। नई ई-लाइब्रेरी से गांव के बच्चों को डिजिटल शिक्षा का लाभ मिलेगा। स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से ग्रामीणों का जीवन और अधिक सुगम बनेगा। सैनी ने कहा कि गांवों का विकास हमारी प्राथमिकता है और सभी आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार लगातार गांवों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने का कार्य कर रही है।



**अंबाला।** विकास योजनाओं का शिलान्यास करते पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी।

## सपा सांसद की टिप्पणी पर भड़के राजपूत राष्ट्रपति से सदस्यता खत्म करने की मांग

- केंद्र सरकार से सख्त कानून बनाने का आग्रह, भाईचारा खराब करने वाले नेताओं पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सांसद रामजी लाल सुमन की महाराणा सांगा पर की गई अभ्रद टिप्पणी से राजपूत समाज सडक़ों पर उतार आया। इस दौरान समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर सांसद का कड़ा विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा उच्च सदन में महाराणा संग्राम सिंह सांगा पर की गई अशोभनीय टिप्पणी की कड़ी निंदा की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सांसद द्वारा भारतीय इतिहास को तोड़-मरोडक़र प्रस्तुत किया गया जिससे न केवल राजपूत समाज बल्कि संपूर्ण समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इससे देशभर में आक्रोश व्याप्त है। राजपूत समाज ने राष्ट्रपति से मांग की है कि सांसद रामजी लाल सुमन की राज्यसभा सदस्यता रद्द की जाए। इसके साथ ही ज्ञापन सौंपने आए लोगों ने आग्रह किया कि संसद में कानून बनाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह सांसद हो, विधायक हो या आम नागरिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर भारतीय इतिहास के महापुरुषों के प्रति किसी भी प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी न कर सके। प्रदर्शनकारियों ने यह भी अनुरोध किया कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानूनी प्रावधान किए जाएं।



**अंबाला।** सांसद के खिलाफ ज्ञापन सौंपने जाते प्रदर्शनकारी। फोटो : हरिभूमि



### पार्क अस्पताल में रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के सभी तीन मॉडेलिटी उपलब्ध

**चंडीगढ़।** पार्क अस्पताल, मोहाली ने शुक्रवार को 100 सफल रोबोटिक जॉइंट रिसर्फेसिंग सर्जरी के पूरा होने की घोषणा की। आज यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, पार्क अस्पताल में आर्थोपेडिक व रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के डायरेक्टर डॉ भानु प्रताप सिंह सलूजा डॉ ने कहा कि पार्क में अत्याधुनिक रोबोटिक आर्थोप्लास्टी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है। अस्पताल में में रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के सभी 3 मॉडेलिटी उपलब्ध हैं।उन्होंने आगे कहा कि अस्पताल 30 अप्रैल तक रोगियों को मुफ्त रोबोटिक तकनीक भी प्रदान कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग के लिए उन्नत स्वास्थ्य सेवा सुलभ बनाना है। इस अवसर पर ऑर्थो कंसल्टेंट डॉ. अनिल कपूर वशिष्ठ और डॉ. अमन गर्ग भी मौजूद थे।डॉ. भानु ने कहा, ₹भारत में घुटने के घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। अगर हम आंकड़ों पर गौर करें, तो भारत में हर साल 2.5 मिलियन से अधिक लोग इस प्रक्रिया से गुजरते हैं।₹ हाल ही में टेक्नोलॉजी में प्रगति के साथ, रोबोट घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी अब 12-15 मिनट में की जा रही है, जिसमें ब्लड ट्रांसफ्यूजन, टांके या ड्रेन की आवश्यकता नहीं होती है।

## मिर्जापुर काठ में डीसी का रात्रि ठहराव ग्रामीणों ने 50 से ज्यादा शिकायतें रखी

- ज्यादातर शिकायतों का मौके पर समाधान का दावा, पड़ोसी गांव के लोगों ने भी समस्याएं बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने गांव मिर्जापुर काठ में रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों से सभी समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। बता दें कि प्रेश सरकार के रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन ने ब्लॉक के गांव मिर्जापुर काठ में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीसी अजय सिहं तोमर ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान जिला प्रशासन के सभी महत्वपूर्ण विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पहुंचने पर डीसी अजय सिंह तोमर का नंबरदार सुरेश पाल ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।



**अंबाला।** डीसी के समक्ष गांव की शिकायतें रखते ग्रामीण।



**अंबाला।** विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि। फोटो : हरिभूमि

## 400 मीटर रेस में पलक ने मारी बाजी, शोभा द्वितीय

- संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में आयोजित वार्षिक खेल मीट का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गल्र्स कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का समापन शानदार तरीके से हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ लबाना सिख एजूकेशनल सोसाइटी के प्रधान सरदार दीदार सिंह और कमेटी मेंबर्स की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन फिजिकल एजूकेशन विभाग की इंचार्ज मिन्नी की देखरेख में हुआ जिसमें 150 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन दिवस के मुख्य अतिथि मेजर (डॉ.) एचएस कंग रहे। उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को खेलों और योग के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि खेल तनाव दूर करने और शारीरिक स्वास्थ्य सुधारने में मददगार होते हैं जबकि योग हमें मानसिक शांति प्रदान करता है।

**ये रहे विजेता**

*प्रतियोगिता के तीसरे दिन 400 मीटर दौड़, सैक रेस, हर्डल्स रेस, स्किपिंग रोप रेस और चाटी रेस जैसी कई प्रतिस्पर्धाएं हुईं। इस दौरान मंच संचालन डॉ. दलजीत कौर ने किया और प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। निर्णायक मंडल की भूमिका निभाते सरला सेठी, डॉ. दलजीत कौर, डॉ. रितु चांदना, डॉ. सुषमा रानी, डॉ. नवनीत कौर, डॉ. सुमन, डॉ. पूजा बैरागी, सीमा सैनी और हेड क्लर्क करजीत कौर ने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए।*

**प्रदर्शन** किसानों पर पुलिस की ज्यादती रोकने की मांग

## भारतीय किसान यूनियन ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

- शंभू व खनौरी बॉर्डर से किसानों के जब्त सामान को वापस करने के साथ अमेरिका, यूरोपिय संघ और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर चल रही बातचीत को रद करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

भारतीय किसान यूनियन, संयुक्त किसान मोर्चा तथा क्षेत्र के न्यायप्रिय संगठन ने शुक्रवार को किसानों पर पुलिस का दमन रोकने तथा मुक्त व्यापार समझौते पर रोक लगाने हेतु नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा गया कि पिछले कुछ समय से पंजाब की सरकार केंद्र के साथ मिलकर किसानों की जायज मांगों के लिए चल रहे संघर्ष के खिलाफ पुलिस के जरिए दमन अभियान चला रही है। संविधान के अनुसार देश के नागरिकों को अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष करने को मौलिक लोक तांत्रिक अधिकार प्राप्त है। किसानों यह भी कहा गया कि पिछले दिनों संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा चंडीगढ़ से 5 मार्च से किए जाने वाले 7 दिवसीय धरने को तारपीडो कर पूरे प्रदेश को खुली जेल में तबदील कर दिया गया। 19 मार्च को केंद्र सरकार के मंत्रियों के साथ बातचीत कर लौट रहे किसान नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। शंभू और खनौरी में बुलडोजर चलाकर किसानों के धरनास्थलों को जबरन उठा दिया गया। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित किसानों के उपकरण भी तोड़ दिए गए। किसानों ने यह भी कहा गया कि दूसरी ओर केंद्र सरकार अमेरिका, यूरोपिय संघ और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रही है। किसान नेताओं ने कहा कि ये समझौते देश के हितों के लिए हानिकारक साबित होंगे। मांग पत्र में पुलिस द्वारा किए जा रहे बल प्रयोग को बंद करने के साथ गिरफतार या जेल में बंद सभी किसान नेताओं को बिना शर्त रिहा करने व किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉलियों सहित सभी उपकरण वापिस करने के साथ क्षतिग्रस्त या चोरी हुए सामान की भरपाई पंजाब सरकार द्वारा करवाने की भी मांग की गई है। मुक्त व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत रोकने का आग्रह भी राष्ट्रपति से किया गया है। इस अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा के मंडल चेयरमैन रूप सिंह, भाकियू के नरमैल सिंह सहित कई किसान उपस्थित थे।



**अंबाला।** नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते किसान। फोटो : हरिभूमि



तविसा महेश्वरी
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं